# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–08 मई 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी तैयारियों और विभिन्न मंत्रालयों में समन्वय को लेकर आज एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभिन्न मंत्रालयों के उच्चाधिकारियों और विभागों के सचिवों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान मौजूदा हालात से निपटने के लिए मंत्रालयों की कार्ययोजना, तैयारियों, नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने, गलत सूचना व फर्जी खबरों से निपटने के प्रयासों और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बारे में चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने बैठक में मौजूद अधिकारियों से चर्चा के दौरान निरंतर सतर्कता, संस्थागत समन्वय और स्पष्ट संचार पर खासतौर से जोर दिया।

इस बीच, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भी आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात पाकिस्तान और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई के एक दिन बाद हुई है।

**********

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर आज बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दलों ने आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की प्रशंसा की है और एकमत से अपना समर्थन व्यक्त किया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में संसद में हुई इस बैठक में विभिन्न दलों के कई नेता शामिल हुए। श्री सिंह ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले के बारे में उन्हें जानकारी दी। संवाददाताओं से बातचीत करते हुए संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक को रचनात्मक बताया।

**ऐसा वक्त में जब देश एक बहुत बड़ी चुनौती को हाथ में लेकर के काम कर रहे हैं तो इसमें राजनीति का कोई जगह नहीं है यह हमारे पूरे पॉलीटिकल पार्टीज ने दर्शाया है और सब लीडर्स ने एक मत से हमारे सेनाओं ने जो कार्रवाई की है ऑपरेशन सिंदूर को लेकर के पूरे बधाई भी दिया और गौरव का एहसास सबको हुआ है।**

गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, राज्यसभा में सदन के नेता और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और एआईएमआईएम नेता अस्सदुद्दीन औवेसी सहित देश के कई प्रमुख नेता बैठक में शामिल हुए।

**********

भारतीय सशस्त्र बलों ने आज सुबह पाकिस्तान के कई स्थानों पर एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को निशाना बनाया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार लाहौर में एक एयर डिफेंस सिस्टम को निष्क्रिय कर दिया गया।

पाकिस्तान ने कल रात ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके उससे सटे सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। इन हमलों को भी एकीकृत काउंटर यूएएस ग्रिड और एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा निष्प्रभावी कर दिया गया।

**********

पाकिस्तान तथा पाक अधिकृत जम्मू और कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले ने पाकिस्तान को हताश कर दिया है। पाकिस्तान झूठी खबरें तथा गलत सूचनाएँ फैला रहा है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**भारत के ऑपरेशन सिंदूर से घबराया हुआ पाकिस्तान डिजिटल प्लेटफॉर्मस् पर झूठी और भ्रामक खबरें फैलाकर आतंकवादियों को बचाने और खुद के नापाक मंसूबों से विश्व का ध्यान भटकाने की पूरी कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान समर्थक सोशल मीडिया हैंडल और यहां तक की प्रभावशाली राजनीतिक हस्तियां भी फर्जी जानकारी फैला रहे हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने निराधार दावा किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सैनिकों को पकड़ा गया। बाद में उन्होंने अपने बयान को वापस भी ले लिया और स्वीकार किया कि किसी भी भारतीय सैनिक को हिरासत में नहीं लिया गया था। पल्लवी परमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

पाकिस्तान द्वारा सोशल मीडिया पर किये जा रहे दुष्प्रचार को लेकर सतर्कता की सलाह दी गई है। लोगों से अपील की गई है कि अगर भारतीय सशस्त्र बलों से संबंधित या मौजूदा स्थिति से जुड़ी कोई संदिग्ध जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना पीआईबी फैक्ट चेक को जरूर दें। ऐसी सामग्री को व्हाट्सएप नंबर आठ सात नौ नौ सात एक एक दो पांच नौ और ईमेल आईडी सोशल मीडिया एट पीआईबी डॉट जीओवी डॉट इन पर साझा कर सकते हैं। नंबर एक बार फिर सुन लें– आठ सात नौ नौ सात एक एक दो पांच नौ।

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा लखनऊ में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज नव चयनित सहायक अध्यापकों और प्रवक्ताओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने निष्पक्ष और पारदर्शी चयन प्रक्रिया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन रोजगार के लक्ष्यों की चर्चा की।

**********